
04 विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला बजट...



07 बोर्ड परीक्षाः नकल रोकने सभी 63 केंद्रों पर रखेंगे...




## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक 5 फरवरी को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 5 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जल जीवन मिशन अन्तर्गत स्वीकृत सभी प्रगतिरत एकल नलजल प्रदाय योजनाओं और जल निगम पी.आई.यू सीहोर द्वारा क्रियान्वित की जा रही समूह नलजल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### सोमवार को पुलिस ने कुबेरेश्वर धाम के दुकानदारों को अपनी हद में रहने की दी हिदायत

# रुद्राक्ष महोत्सवः पिछले हादसों से लिया सबक आयोजन से पहले होगी धाम पर मॉक ड्रिल

### कलेक्टर ने बैठक में दिए दिशा-निर्देश, 14 से 20 फरवरी तक जुटेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन इस वर्ष कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर अत्यधिक सतर्क नजर आ रहा है। वर्ष 2025 के महोत्सव के दौरान हुई भारी अव्यवस्थाओं और आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु के बाद इस बार कलेक्टर बालागुरू के. ने सुरक्षा और प्रबंधन के लिए बेहद कड़े निर्देश जारी किए हैं।

सोमवार को कलेक्टर ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने के लिए मुख्य आयोजन से दो दिन पहले मॉक ड्रिल की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि भीड़ का दबाव बढ़ता है या कोई आपात स्थिति बनती है तो प्रशासन उससे निपटने के लिए कितना तैयार है।

बता दें 14 से 20 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को पिछले वर्ष की तरह परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन द्वारा हर बारीकी पर नजर रखी जा रही है। अव्यवस्था का सबसे बड़ा कारण बनने वाले रुद्राक्ष वितरण को प्रशासन ने पहले ही बंद करा दिया है, ताकि वितरण केंद्रों पर भगदड़ की स्थिति न बने। इसके साथ ही अमलाहा हाईवे पर यातायात को सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।


फाइल फोटो

#### इन बिन्दुओं पर रहेगा विशेष फोकस

घरेलू गैस सिलेंडर पर रोकः धाम परिसर की दुकानों पर कमर्शियल की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी।

खाद्य सुरक्षाः श्रद्धालुओं को मिलने वाले भोजन और खाद्य सामग्री की शुद्धता के लिए खाद्य विभाग को लगातार नमूने लेने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों की जिम्मेदारीः कलेक्टर ने एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देश दिए हैं कि वे आयोजन स्थल पर निर्माण कार्यों और अन्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की नियमित जांच करें।

#### धाम पर दुकानदारों को दी नसीहत

इधर पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार को कुबेरेश्वर धाम पर सख्ती दिखाई। दरअसल, दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों की जद से बाहर भी सामान रख लिया था, जिसकी वजह से आवागमन में श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सोमवार को पहुंचे पुलिस अमले ने दुकानदारों को सख्त अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अब दुकानदारों के बाहर सामान रखा पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खाकी को समर्पित किए जीवन के 40 साल, सेवानिवृत्त हुए 11 पुलिस योद्धाओं का एसपी ने किया सम्मान

### 38 से 43 वर्षों तक बेदाग सेवा देने वाले अधिकारियों को दी गई विदाई



**सीहोर।** पुलिस विभाग में अपनी उम्र का बड़ा हिस्सा यानी करीब 4 दशक तक देशभक्ति-जनसेवा को समर्पित करने वाले 11 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस खास मौके पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने इन अनुभवियों को पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विदाई पाने वाले अधिकारियों में कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने 43 वर्ष से अधिक समय तक पुलिस की वर्दी पहनी। मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक चैन सिंह रघुवंशी और हरेंद्र सिंह ने 43-43 साल की लंबी सेवा पूरी की। वहीं हरिनारायण वर्मा, भंवर लाल वर्मा और सुरेंद्र शर्मा ने भी 40-40 साल तक विभाग को अपनी सेवाएं दीं। एसपी ने इन सभी अधिकारियों के सेवाकाल के अनुभवों को सुना और उनके परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की।

**अनुभवों की पूंजी लेकर विदा हुए अधिकारी :** सम्मान समारोह के दौरान एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि पुलिस की नौकरी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है। इन अधिकारियों ने अपने जीवन के 38 से 40 साल समाज की सुरक्षा में लगाए हैं, जो अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने सभी के अच्छे स्वास्थ्य और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

इस अवसर पर एएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव सहित पुलिस परिवार के सदस्य और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### इन जांबाजों को मिली विदाई

43 वर्ष की सेवाः चैन सिंह रघुवंशी (डीएसपी) और हरेंद्र सिंह (एएसआई)

40 वर्ष की सेवाः हरिनारायण वर्मा (एसआई), भंवर लाल वर्मा (एएसआई) और सुरेन्द्र शर्मा (हेड कांस्टेबल)।

36-38 वर्ष की सेवाः अमृतलाल पारोचे, पुरुषोत्तम पाठक, तेजराम अहिरवार और मो. फारुख खान।

स्वैच्छिक सेवानिवृत्तिः अशोक श्रीवास्तव और परशुराम सिंह ने भी अपनी सेवाओं के बाद विभाग से विदा ली।

## इंदौर-भोपाल हाईवे पर सनसनी, साइड देने के विवाद में राजस्थान के युवकों ने मारी गोली

### पुलिस ने महज 2 घंटे में आरोपियों को जंगल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा थाना अंतर्गत इंदौर-भोपाल हाईवे पर कचनारिया जोड़ के पास मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। वाहन ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद में राजस्थान के तीन युवकों ने एक स्थानीय युवक पर पिस्टल से गोली चला दी। गोली युवक के पैर में लगी है, जिसे गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमनरी निवासी सचिन कुमार पिता मोरसिंह मेवाड़ा का हाईवे पर कार सवार युवकों से साइड देने को लेकर विवाद हो गया था। बात इतनी बड़ी कि राजस्थान के कोटा निवासी तीन युवकों ने सचिन को डराने के उद्देश्य से अपनी 32 बोर की पिस्टल निकाल ली और फायरिंग कर दी। गोली सीधे सचिन के पैर में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया।




**भाग रहे आरोपियों को पुलिस ने दबोचा :** वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए। इधर जानकारी मिलते ही प्रभारी एसडीओपी आष्टा प्रवीण चढ़ोकर एवं थाना प्रभारी आष्टा गिरिश दुबे पुलिस बल के साथ शासकीय अस्पताल आष्टा पहुंचे, जहां घायल से जानकारी प्राप्त कर तत्काल मौके पर रवाना हुए।

मुखबिर की सूचना पर वाहन उमरसिंघाई गांव में खड़ा पाया गया। तत्पश्चात पुलिस की दो टीमों द्वारा बेदाखेड़ी जंगल क्षेत्र में सर्च कर, तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की एक पिस्टल एवं 04 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से शेवी खान पिता मकदूम अहमद उम्र 23 वर्ष निवासी कोटा, शहनवाज उर्फ सोनू पिता सलीम अहमद उम्र 28 वर्ष निवासी कोटा और विक्की पिता मंजूर उम्र 20 वर्ष, निवासी पाली को गिरफ्तार किया है।

आरोपी शेवी खान उर्फ अमन पिता मखदूम को साथियो द्वारा जिला कोटा राजस्थान से हत्या के प्रयास मामले में फरार होना भी बताया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

## रोजगार मेले में 30 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने लिया भाग

**सीहोर।** सोमवार को को मंथन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन अमलाहा सीहोर के प्रांगण में एक राज्य स्तरीय रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन आष्टा के विधायक गोपाल जी इंजीनियरिंग द्वारा किया गया। इस मेले में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की 30 कंपनियों ने भाग लिया। ये कंपनियाँ मुख्य रूप से बैंकिंग सेक्टर की एस.बी.आई. एक्सेस बैंक, आई.सी.आई.सी.आई., ए.यू इसी तरह मॉर्केटिंग कंपनियों/पेटिएम उत्कर्ष, आई.आई.एफ.सी., इक्वीटस तथा इंजीनियरिंग कंपनियाँ मदूररूम, प्रतीभा मिट्ट इंडीया, आइशर, रिलाइंस आदि ने भाग लिया। इस मेले लगभग 600 से अधिक युवाओं ने भाग लिया मंथन संस्थान द्वारा इस रोज़गार मेले का प्रचार-प्रसार ग्रामीण स्तर पर किया गया। इस रोज़गार मेले में लगभग 500 से अधिक युवाओं को रोज़गार मिलने की उम्मीद जताई गई। संस्था प्रमुख डॉ. रजत सक्सेना द्वारा बताया गया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का कौशल उन्नय कर उनको उचित रोज़गार दिलाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय गोपाल इंजीनियर द्वारा संस्था के प्रयासों किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उन्होंने यह भी कहा कि संस्था के प्रयासों को किसी न किसी स्तर पर सम्मानित भी किया जायेगा मुख्य अतिथि द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र में संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की।

इस रोज़गार मेले का समन्वयन वी.सी.सी. ग्रुप के सौजन्य द्वार उनके प्रतिभाशाली डायरेक्टर श्री अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। चयनित छात्रों को कंपनियों द्वारा नियुक्ति पत्र भी दिये गये। इस मेले के आयोजन से छात्रों में काफी हर्ष है तथा क्षेत्र के सम्मानियों द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के लिये हर्ष व्यक्त किया गया तथा आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से क्रियान्वयित किए जाएं।

### विश्व कैंसर दिवस पर 4 फरवरी को जिलेभर में लगेंगे कैंसर जांच शिविर


**सीहोर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 4 फरवरी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पतालों पर कॉमन कैंसर जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में 30 वर्ष 65 वर्ष आयु के नागरिकों की मुख, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसरों की जांच की जाएगी। जांच के पश्चात चिन्हांकित जटिल रोगियों को आवश्यकता अनुसार सर्जरी एवं रेडियोथेरेपी के लिए रेफर किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि वर्तमान में जिले में सामान्य सर्जरी की जाती हैं, पर भविष्य में जल्द ही कीमोथेरेपी की सुविधायें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इन शिविरों के आयोजित के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीएमएचओ ने बताया की एसआरएलएम, आईसीडीएस एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### इस वर्ष जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 38,011 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी 101 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि सीहोर जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 101 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें से 05 परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील की श्रेणी में हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में जिले के कुल 38,011 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 10वीं के 20,749 और 12वीं के 17,262 परीक्षार्थी शामिल हैं।

## आज किया जाएगा पांच कन्याओं का सर्वजातीय निःशुल्क विवाह





**सीहोर।** शहर नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के छठवें दिवस गोवर्धन महोत्सव एवं 56 प्रकार के भोग लगाए गए। इस मौके पर शहर सहित आस-पास के श्रद्धालु पहुंचे, मंगलवार को कथा के पहले चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में पांच कन्याओं का सर्व जातीय निशुल्क विवाह उत्सव सुबह दस बजे से बारह बजे तक किया जाएगा, कथा दोपहर बारह बजे से डेढ़ बजे और उसके पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कथा सुनाते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। माखन चोरी हो या गोपिकाओं के चीर हरण की लीला, प्रभु की हर लीला में एक संदेश छिपा है जो कलियुगी मनुष्य की समझ से परे है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को भी अपने अभिमान से बचना चाहिए। भगवान ने हमेशा यही संदेश दिया कि वह सिर्फ प्रेम के अधीन है। जिस मनुष्य ने प्रेम से उसको पाने की कोशिश की वह हर तरह, हर रूप में उसको पा सकता है। भगवान को रिझाने के लिए बालक की तरह छल कपट रहित बन जाओ और रिझाओ फिर भगवान को पाना बहुत आसान हो जाता है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि शहर नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा मंगलवार को दोपहर ड़ेढ बजे समापन किया जाएगा। इससे पहले सुबह दस बजे से पांच कन्याओं का सर्वजाति निशुल्क विवाह उत्सव मनाया जाएगा और डेढ़ बजे के पश्चात भोजन-प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की।


### लंबित प्रकरणों का अधिकारी समन्वय बनाकर जल्द करें निराकरण

# टीएल बैठकः कलेक्टर बालागुरू के. सख्त, नेशनल हाईवे भू-अर्जन में देरी पर एसडीओ को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को टीएल बैठक हुई। उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों का समय सीमा के भीतर संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

टीएल बैठक के दौरान नेशनल हाईवे के लिए किए जा रहे भू-अर्जन कार्यों में हो रही देरी पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित एसडीओ को विलंब को लेकर फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रेलवे एवं नेशनल हाईवे जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनहित से जुड़ी हैं, ऐसे में भू-अर्जन और मुआवजा वितरण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



#### एक भी किसान को परेशानी न हो

उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मुआवजा राशि का भुगतान और कब्जा लेना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेताओं को देय राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए योजना के समापन की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि लंबित प्रकरणों की प्राथमिकता से समीक्षा कर पात्र किसानों को शीघ्र भुगतान किया जाए, ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो।

#### समन्वय से प्रकरणों का निराकरण करें

कलेक्टर ने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की प्रक्रिया तथा वन व्यवस्थापन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के समय पर पूर्ण होने से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुगम होंगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें तथा निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई पूरी करें। सभी विभागीय अधिकारियों से कहा गया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि विभागीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए स्वीकृत बजट का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं एवं कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कर वित्तीय प्रगति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से यह प्रयास करने को कहा कि किसी भी विभाग का बजट लैप्स न हो।

**खबर संक्षेप**



## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने किया सम्मान

**सीहोर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से संगम प्रोजेक्ट के तहत गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्ध आश्रम में कार्यक्रम किया गया जिसमें वृद्धजनों को मेडिटेशन कराया गया आयोजक में वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पंचशीला दीदी द्वारा उन्हें बताया गया कि हम संसार की परिस्थितियों के बीच में रहते हुए भी खुद को किस तरह से खुश रख सकते हैं अपने मन को कैसे उत्साहित करें मन जीते जगत जीत अगर हमने अपने विचारों को सकारात्मक दिशा दे दी तो हम संसार को जीत सकते हैं इसीलिए कभी भी नकारात्मकता को मन में प्रवेश न करने दे सकारात्मक विचार हमारे मन की शक्ति को बढ़ाते हैं हमारी शारीरिक शक्ति का भी विकास करते हैं हमारे अंदर उत्साह भरते हैं साथ ही उनका सम्मान किया शाल और प्रसाद वितरण किया।

### केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण भाजपा कार्यालय पर देखा गया

# विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला बजटः रायसिंह सेंधव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनात्मक कार्यक्रम के निर्माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में लोकसभा सदन में वर्ष 2026-27 विकसित और समृद्ध भारत के लिए केंद्रीय बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत किया गया। बजट का सीधा प्रसारण भाजपा जिला कार्यालय देवास में दिखाया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव एवं समस्त वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण सुनने के लिए उपस्थिय रहे।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने बताया कि जिले के सभी 25 मंडलों में निर्धारित स्थानों पर केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया, जिसमें सभी बुथ स्तर तक के कार्यकर्ता एवं आम जनता शामिल हुई।भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि यह केंद्रीय आम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत होने वाले 80 वें केंद्रीय बजट के संदर्भ में विकसित भारत @2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से केंद्रीय बजट 2026 के जनहितकारी है।यह बजट की विशेषताओं को आमजन तक पहुँचाने की रणनीति पर मार्गदर्शन दिया है। केंद्रीय बजट 2026 विकास, विश्वास और जनकल्याण के मूल मंत्र पर आधारित हुआ।

जो भारत को वर्ष 2047 तक एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत होने वाला यह बजट समाज के सभी वर्गों—किसान, महिला, युवा, श्रमिक एवं मध्यम वर्ग के सशक्तीकरण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी वरिष्ठ भाजपा नेता ओम जोशी, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय दायमा , मनोहर जाधव, गणेश पटेल, वासुदेव परमार, विजेंद्र राणा, बाबु यादव , पंकज घारु, प्रतीक सोलंकी सहित कहीं कार्यकर्ता समाज सेवा बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित थे।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने उर्स कमेटी का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हजरत दुल्हा बादशाह बाबा की मजार पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उर्स की तारिख तय हो गई। इस साल कव्वाली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के सरंक्षक शमशूल हसन बल्ली और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर होंगे। बाबा के दरबार में मई माह की सात तारिख से तीन दिवसीय उर्स शुरू होगा। हिन्दू मुस्लिम एकता के साथ लगातार उर्स आयोजित करने को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने हजरत दुल्हा बादशाह बाबा उर्स कमेटी का सम्मान किया।

रविवार को दरगाह परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा नेता मनोज शर्मा और विशेष अतिथि ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी प्रदेश अध्यक्ष तनवीर कुरैशी रहे। हजरत दुल्हा बादशाह दरगाह सर्वधर्म हिन्दू मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान और उर्स कमेटी अध्यक्ष नौशाद खान ने अतिथियों का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। बैठक को शेख इस्माइल,नईम बाबा, सेवा यादव,आरिफ ने संबोधित किया।

बैठक में प्रमुख रूप से रशीद, आशीष राठौर, अमान खान, सलीम बाबा, तस्लीम बाबा, कासिम कव्वाल, तारिक कव्वाल, एजाज खान, हाजी मुख्तार पठान, आफताब अली, साकिर हुसैन, राजा पठान, मुजाहिद अली, इरशाद, अनवर बाबा, महमूद अली, ताहिर आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में आयोजित हुआ गरिमामय विदाई समारोह कार्यक्रम

### कक्षा 12वीं के 400 विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ दी विदाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं सम्मान के साथ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा सरस्वती वंदना माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने आशीर्वचनों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए लक्ष्य प्राप्ति एवं सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि आप सभी विद्यालय का गौरव व मान बढ़ाने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे इसके पश्चात डॉक्टर राजेंद्र देशमुख ने अपने संबोधन में अनुशासित एवं गरिमामय कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों की सराहना की तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में विगत चार वर्षों के अपने अनुभव और यादें साझा कीं और रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी को आनंदित कर दिया। इस समारोह में, संस्था प्राचार्य श्रीमती जैन डॉक्टर राजेंद्र देशमुख प्रोग्राम ऑफिसर देवेंद्र राय स्काउट प्रभारी संतोष सोनी परीक्षा प्रभारी एल एन आहूजा एवं भौतिक विद जितेंद्र परमार ने संकायवार चुने हुए मिस्टर एवं मिस एक्सीलेंस विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक अभिषेक विश्वकर्मा एवं रा से यो स्वयंसेवक दर्शना दोहरे ने गीत कीआकर्षक प्रस्तुति दी। संस्था की ओर से आभार व्यक्त करते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय ने कहा की विद्यालय में दिए गए संस्कार और शिक्षा आपका जीवन भर मार्गदर्शन करेंगे और सफलता हेतु आपका पथ प्रशस्त करेंगे।

कार्यक्रम में स्वतंत्र पाठक अरविंद पटेल जय किशन जोशी कुमेर सिंह प्रीति पवैया एनसीसी एएनओ दिनेश मेवाड़ा व सविता ठाकुर रुचि लोवानिया मोनिका पाराशर एवं डॉक्टर देवेंद्र साहू एवं धनेश कोरचे सर का विशेष सहयोग रहा। वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता एवं प्रदर्शन के मूल्यांकन पश्चात मिस्टर मैथ्स शाश्वत शंखवार और मिस निशा मेवाड़ा मिस्टर बायो करण लोधी और मिस सिमरन मेवाड़ा रही मिस्टर एग्रीकल्चर कार्तिक वर्मा मिस रोशनी वर्मा मिस्टर आर्ट हेमंत विश्वकर्मा मिस पवित्रा गुर्जर मिस्टर कॉमर्स प्रीतम जांगड़े मिस रोशनी नागेश चुने गए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा जानवी बैरागी एवं ज्योति वर्मा ने किया।

## 2026 का बजट 2047 के विकसित भारत का रोड मैप है



**सीहोर।** स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय परिषद सदस्य, क्षेत्र कार्य समिति सदस्य व पूर्व सह क्षेत्र संयोजक अरुषेन्द्र शर्मा ने बजट का स्वागत करते हुए कहा की 2026 का यह बजट आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जाने वाला तथा 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में रोड मैप का कार्य करेगा।

इस बजट में टियर 2 और 3 के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के साथ-साथ एमएसएमई में चैंपियंस को बढ़ावा देने का प्रावधान है। इससे एमएसएमई में छोटे छोटे उद्योग धंधों को बढ़ावा मिलेगा जिससे रोजगार बढ़ाने के साथ-साथ भारत की उत्पादकता छोटे घरेलू उद्योगों में बढ़ेगी। इसी प्रकार सेमीकंडक्टर जो आज की आधारभूत आवश्यकता बन गई है तथा रेयर अर्थ मेटल खनिजों के लिए भी इसमें प्रावधान किया गया है जिससे कि भारत रेयर अर्थ मेटल में अधिक से अधिक आत्मनिर्भर हो सक व दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सके।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**बुधनी।** शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित थे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले स्वर्गीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा के बल पर देश कोआजादी दिलवाई और आज ही के दिन उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी आज भारत में ही नहीं वरन दुनिया के दर्जनों देशों में उनकी मूर्तियां स्थापित की गई हैं गांधीवादी सोच का दायरा विदेशो तक फैला है इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय,किसान नेता छगनलाल दुबे,वरिष्ठ नेता सुरेंद्र शर्मा, प्रमोद चौहान,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे,नेपाल जमालिया,गिरीश पांडे,रिंकू दुबे,राजीव दुबे,बालवीर चौहान आदि अनेक कांग्रेसियों मौजूद रहे।

## काला कानून करार देकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### यूजीसी रेगुलेशन अधिनियम 2026 के खिलाफ करणी सेना का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी रेगुलेशन अधिनियम 2026 के विरोध में सोमवार को भैरूंदा में करणी सेना के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। बड़ी संख्या में करणी सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां अधिनियम को सवर्ण समाज के हितों के खिलाफ बताते हुए जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए इस अधिनियम को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान करणी सेना ने यूजीसी रेगुलेशन अधिनियम 2026 को "काला कानून" बताते हुए आरोप लगाया कि यह नियम सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ अन्याय है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना था कि पहले से ही उच्च मेरिट और कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर यह अधिनियम अतिरिक्त दबाव बनाएगा, जिससे शिक्षा व्यवस्था में असंतुलन पैदा होगा और सामाजिक तनाव बढ़ सकता है। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने कहा कि 15 जनवरी 2026 से लागू यह अधिनियम शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर देने के बजाय भेदभाव को बढ़ावा देता प्रतीत होता है। उनका आरोप है कि इससे विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच आपसी द्वेष और असंतोष की भावना पनप सकती है, जिसका सीधा असर शैक्षणिक माहौल पर पड़ेगा। संगठन ने यह भी आशंका जताई कि कानून के दुरुपयोग की स्थिति में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को मानसिक दबाव और अनावश्यक प्रताड़ना का सामना करना पड़ सकता है।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे करणी सेना के दानवीर सिंह भाटी ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े फैसले बिना व्यापक संवाद और सभी वर्गों की सहमति के लेना अनुचित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जैसा संवेदनशील क्षेत्र संतुलित, पारदर्शी और सर्वसमावेशी नीतियों की मांग करता है, ताकि किसी भी वर्ग में उपेक्षा या अन्याय की भावना न पनपे। प्रदर्शन के दौरान "काला कानून वापस लो", "सवर्णों के सम्मान में, करणी सेना मैदान में" जैसे नारों से एसडीएम कार्यालय परिसर गूंज उठा।

कुछ समय तक नारेबाजी की कार्यकर्ताओं ने अनुशासन में रहकर अपनी बात रखी और ज्ञापन सौंपने के बाद शांतिपूर्वक लौट गए। ज्ञापन में करणी सेना ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि यदि यूजीसी रेगुलेशन अधिनियम 2026 को वापस नहीं लिया गया, तो संगठन देशव्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगा।

प्रशासन की ओर से ज्ञापन को संबंधित उच्च अधिकारियों और शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया है। वहीं, करणी सेना ने स्पष्ट किया है कि जब तक इस अधिनियम पर पुनर्विचार नहीं किया जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई

# विधायक प्रतिनिधि अखिलेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने की घोषणा लाखों रुपयों से बनेगा सामुदायिक रविदास भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





माघपूर्णिमा के पावन अवसर पर महान समाज सुधारक कवि और भक्ति आन्दोलन के संत शिरोमणि गुरु रविदासजी की जयंती अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ जाटव समाज बस्ती वार्ड क्रं. 11 डॉ.अम्बेडकर नगर के रविदास मंदिर सीहोर में मनाई गई। सर्वप्रथम अतिथिगणों द्वारा रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम के संरक्षक नरेन्द्र खंगराले तथा जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष सन्नी जाटव, नरेन्द्र बनवईया, मनोज फरेला, कपिल पुरविया, राहुल कचनेरिया, टीटू कचनेरिया द्वारा रविदास मंदिर के सामने पुराने स्कूल को तोडक़र नवीन सामूदायिक रविदास भवन बनाने का मांग पत्र विधायक प्रतिनधि अखिलेश राय को सौंपा गया। मांगपत्र अनुसार श्री राय ने 25 लाख रूपये की लागत से भवन बनाने की घोषणा की वहीं दूसरी ओर वार्ड क्रं. 11 में अनेक विकास कार्य कराये जाने की मांग की गई, जिसे लेकर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा संत रविदास मुक्ति धाम तथा डॉ.अम्बेडकर पार्क में लाखों रूपयों विकास कार्य के साथ इन्दौर-भोपाल रोड पर डॉ.अम्बेडकर उपवन में नई संविधान निर्माता डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा लागने की भी श्री राठौर द्वारा घोषणा की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, पिछड़ाव वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती, वरिष्ठ भाजपा नेता सन्नी महाजन, नपाउपाध्यक्ष विपिन शास्ता शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव, विवेक राठौर, पार्षद लोकेन्द्र वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति उपस्थित रहे। तत्पश्चात कार्यक्रम में जाटव समाज के प्रतिभाओं का प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र व शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथिगणों द्वारा समानता का सन्देश देते हुए रविदास जी के दोहे : जाति पाति पुछे नाही, हरि को भजे सौ हरि का होई। मनचंगा तो कठोति में गंगा भजन का स्मरण किया गया और समाज में आपसी भाईचारा दया और समानता का संदेश दिया गया। रविदास जी ने समाज में फैली छुआछूत और ऊचनीच आडम्बरों के विरोध के बारे में बताया गया। उन्होने प्रेम और कर्मप्रधान की शिक्षा और मानवता की भी दिशा दिखाई तथा उनके द्वारा संघर्ष कर जाति मुक्त समाज पर भी प्रकाश डाला गया।

अंत में भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों को एक बड़े सामाजिक और राजनैतिक महत्व के रूप में भी देखा गया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र बनवैया द्वारा किया गया। अंत में आभार व्यक्त सत्येन्द्र मंगरोलिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ.राजकुमार गेंदालाल अरिवार, हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुनील फरेला, भगत सिंह परसैया, डी.पी.आर्य, इंजि.रामचरण मैचन, सूरज मंगरोलिया, गंगाराम परसैया, पूर्व पार्षद देवेन्द्र अहिरवार, पूर्व पार्षद आरती खंगराले, पूर्व पार्षद मीना दरोठिया, पन्नालाल खंगराले, चन्नीलाल जाटव, रामदयाल जाटव, सूरज मंगरोलिया, मदन मंगरोलिया, महेश कुमार, शुभम कचनेरिया, धन्नालाल परचोले, महेश आर्य, सत्येन्द्र मंगरोलिया, मनोज फरेला, हितेन्द्र कचनेरिया, नरेन्द्र बनवईया, बाबुलाल तुलावट, राजु मंगरोलिया, प्रदीप सरकार, कपिल सूर्यवंशी, चरण खंगराले, कमलकिशोर जाटव, राहुल कचनेरिया, कपिल पुरविया, टीटु कचनेरिया, प्रवेश परिहार, अभय अहिरवार, सचिन महोबिया, सतीष महोबिया, चद्रशेखर टिमरई सहित बड़ी संख्या महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्राम मुर्राह शासकीय हाई स्कूल के विद्यार्थी

### परीक्षा में सफलता को लेकर मिला मार्गदर्शन



**बुधनी।** सोमवार को करीबी ग्राम मुर्राह शासकीय हाई स्कूल के विद्यार्थी संस्था प्राचार्य रविंद्र राजोरिया के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम डी.एस. तोमर से सौजन्य भेंट की इस अवसर पर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों से संवाद किया और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

एसडीएम दिनेश सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन,आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में बताया उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर अभ्यास करने से परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं उन्होंने विद्यार्थियों से तनाव मुक्त रहकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का आह्वान किया।

इस दौरान तहसीलदार ललित सोनी ने भी विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए परीक्षा की तैयारियों को लेकर उपयोगी सुझाव दिए उन्होंने पढ़ाई को योजनाबद्ध तरीके से करने, समय का सदुपयोग करने एवं उत्तर लेखन के दौरान सावधानियों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में एसडीएम दिनेश सिंह तोमर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कार स्वरूप एक हजार रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों पर नकल प्रकरणों में कमी लाने की कवायद

# बोर्ड परीक्षाः नकल रोकने सभी 63 केंद्रों पर रखेंगे 'ईमानदारी की पेटी'


हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 10 फरवरी से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आगाज होने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इन परीक्षाओं में नकल (चीटिंग) पर अंकुश के लिए कई तरह की सख्ती बरतते हुए जिला एवं ब्लॉक स्तरों पर जहां उड़नदस्ते बनाए गए हैं, वहीं गांधीगिरी से भी नकल प्रकरणों में कमी लाने के प्रयास किए जाएंगे।

बोर्ड परीक्षाओं के लिए इस वर्ष जिले में कुल 63 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी 63 परीक्षा केंद्रों पर एक बॉक्स रखा जाएगा जिसे 'ईमानदारी की पेटी' नाम दिया गया है। अगर कोई परीक्षार्थी घर से नकल पर्ची लाया और केंद्र पर पहुंचकर उसका मन बदला तो परीक्षा के पूर्व वो उन नकल पर्चियों को इस 'ईमानदारी की पेटी' में डाल सकता है। ऐसा करने पर उसका कोई नकल प्रकरण नहीं बनाया जाएगा पर शर्त यह रहेगी कि वो नकल पर्चियों को परीक्षा के पूर्व ही ईमानदारी की पेटी में डाल दें।

उल्लेखीय है इन परीक्षाओं की गोपनीयता और नकल प्रकरणों के संबद्ध में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा भी बेहद गंभीर हैं। पिछले दिनों परीक्षाओं आयोजन एवं तैयारियों के संबंध में सभी केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक में कलेक्टर द्वारा कंइं तल्ख निर्देश प्रदान किए गए थे।

### परीक्षाओं में नजर आएगा सख्ती के साथ गांधीगिरी का सम्मिश्रण




### 6 फरवरी को उत्कृष्ट विद्यालय से बंटेगी परीक्षा सामग्री

बोर्ड परीक्षाओं की कड़ी में आगामी 06 फरवरी को मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय से जिले के प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए परीक्षा सामग्री का वितरण करवाया जाएगा। परीक्षा केंद्र से आया दल पूरी जिम्मेदारी के साथ सामग्री व प्रश्न-पत्रों को हैंडओवर लेकर बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रश्न-पत्रों को केंद्र के निकट के थानों में जमा करवाएगा।

### 8 संवेदनशील एवं 5 अति-संवेदनशील केंद्र बनाए

पूर्व के सालों में हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिन केंद्रों पर नकल प्रकरण या सामुहिक नकल प्रकरण के मामले सामने आए थे उन्हीं के दृष्टिगत शिक्षा विभाग द्वारा इस साल जिले में बनाए गए कुल 63 परीक्षा केंद्रों में 08 संवेदनशील केंद्र एवं 05 अतिसंवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी 13 केंद्रों पर नकल रोकने बनाए गए उड़नदस्तों की विशेष नजर रहेगी। संबंधित केंद्रों पर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ते समय-समय पर पहुंचकर सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षाएं पूरी गोपनीयता, पारदर्शिता एवं बगैर नकल के संपन्न हो रही हैं या नहीं।

### बोर्ड परीक्षाएं खास-खास

| | |
|---|---|
| ● जिले में कुल परीक्षा केंद्र | 63 |
| ● संवेदनशील | 08 |
| ● अति-संवेदनशील | 05 |
| ● 10वीं में परीक्षार्थी | 20019 |
| ● 12वीं में परीक्षार्थी | 14847 |
| ● 10वीं में नियमित परीक्षार्थी | 18850 |
| ● 10वीं में स्वाध्यायी परीक्षार्थी | 1169 |
| ● 12वीं में नियमित परीक्षार्थी | 13609 |
| ● 12वीं में स्वाध्यायी परीक्षार्थी | 1238 |

### इनका कहना है...

माध्यमिक शिक्षा मंडल से निर्देश मिले हैं कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर ईमानदारी की पेटी रखी जाए। अगर कोई परीक्षार्थी नकल पर्ची लाता है तो परीक्षा आरंभ होने के पूर्व इस पेटी में नकल पर्ची डाल सकता है। उसका नकल प्रकरण नहीं बनेगा।

**महेश गुप्ता**, सहा. नोडल, परीक्षाएं, राजगढ़

### महिला का साथ देने वाले युवक पर भी दर्ज हुआ मुकदमा

# रिटायर्ड कर्मचारी को ब्लैकमेल करने वाली महिला पर एफआईआर कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त एक कर्मचारी से पहले दोस्ती और बाद में रुपयों के लिए ब्लेकमेल करने वाली एक महिला और युवक पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की है। संबंधित महिला कईं तरह से दबाव बनाकर अब तक फरियादी से करीब 7 लाख रुपए ऐंठ चुकी थी। इसके बाद भी पेंशन में नाम जुड़वाने एवं रुपयों की मांग को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी को लगातार परेशान किया जा रहा था।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस ने बताया कि मूल रूप से सीहोर निवासी स्वास्थ्य विभाग में बतौर ड्राईवर के रूप में पदस्थ(अब सेवानिवृत्त) एक व्यक्ति से विभाग में ही केयर टेकर के रूप में कार्यरत सुमन नाम की महिला ने पहले दोस्ती की। जान-पहचान बढ़ने पर दोनों ने एक मंदिर में शादी की। बाद में विवाह प्रमाण-पत्र भी बनवाया। एक अन्य युवक बंटी ने जबरन विवाह प्रमाण-पत्र पर कर्मचारी के हस्ताक्षर भी करवा लिए। इस दौरान रिटायर्ड कर्मचारी के कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी महिला ने बनाए और अब उन्हें वायरल करने की धमकी देते हुए वो उनसे रुपयों की मांग करने लगी। धीरे-धीरे महिला ने करीब 7 लाख रुपए उनसे ऐंठ लिए। इसके बाद भी लगतार रुपयों की मांग और रुपए न देने पर बलात्कार के केस में फंसाने की धमकियां दी जा रही थीं। धमकियों और रुपयों की मांग से परेशान रिटायर्ड कर्मचारी ने अंततः हिम्मत जुटाते हुए कोतवाली थाने पहुंचकर पूरी आपबीती सुनाई। पुलिस ने शिकायत की जांच उपरान्त सुमन और बंटी पर बीएनएस की धारा 308(7), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# संत रविदास जयंती पर नगर में निकली कलश और शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अहिरवार समाज के तत्वावधान में संत रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कलश एवं शोभायात्रा की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित संत रविदास मंदिर से बैंड-बाजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ हुई। यात्रा इंदौर नाका, पुराना बस स्टैंड, एबी रोड थाना, महात्मा फुले चैराहा, बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चैराहा, नेहरू दरवाजा रोड, टेंशन चैराहा, मुखर्जी चैक, महाकाल चैराहा, गांधी चैक, कन्याशाला स्कूल होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर के सामने स्थित संत रविदास मंदिर पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### पार्षद ने दोबारा करवाया 4 इंच का बेयरिंग कोर्स

# सुदर्शन नगर की लाखों से बनी सीसी सड़क एक माह में उखड़ी




सुदर्शन नगर में साठगांठ से घटिया निर्माण

इंजीनियर गए छुट्टी पर, टेकेदार ने डस्ट डालकर किया सड़क निर्माण

सारंगपुर। सुदर्शन नगर वार्ड 16 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चैथे चरण के तहत 64 लाख 33 हजार रुपए की लागत से बन रही सीसी सड़क भगवान भरोसे बन रही सड़क का कार्य अंतिम चरण में लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदार ने उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया अंततः मोहल्ले वाले ने घटिया कार्य की शिकायत एसडीएम को लिखित में की लेकिन गंभीर अनियमितताएँ नहीं थमी स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में खुलकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसे देखनेदसुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहता। नागरिकों के अनुसार सड़क में डाली जा रही गिट्टी पूरी तरह डस्ट मिश्रित है, जिससे सीसी की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसके अलावा सीमेंट, रेत का उपयोग भी निर्धारित मानकों से काफी कम किया जा रहा है। तथा बालू रेत का तो उपयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा। लोगों का कहना है कि जब-जब सड़क निर्माण में घटिया काम पकड़ा गया, तब नगर पालिका इंजीनियर मौके से गायब रहे या लंबे अवकाश पर चले गए, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार ने मनमानी करते हुए सड़क बना डाली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सुदर्शन नगर क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क एक माह के भीतर ही उखड़ने का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि 6 दिसंबर 2025 को हरिभूमि में प्रकाशित खबर में सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग और इंजीनियरों की लापरवाही का आरोप लगाया गया था। अब एक माह बाद आज के हालात और मौके से सामने आए फोटो उस खबर की पुष्टि करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत वार्ड 16 क्षेत्र में बनी यह सीसी सड़क शुरू से ही सवालों के घेरे में थी। सड़क की सतह जगह-जगह से उखड़ गई, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी होने लगी।

रहवासियों की शिकायत के बाद मामले को लेकर नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों पर दबाव बढ़ा। बताया जा रहा है कि सड़क की खराब हालत को देखते हुए पार्षद कमल शर्मा द्वारा हस्तक्षेप करते हुए पुनः करीब 4 इंच का बेयरिंग कोर्स डलवाया गया। हालांकि नागरिकों का कहना है कि यदि पहले ही गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाता तो दोबारा काम कराने की नौबत नहीं आती। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण के समय न तो तय मात्रा में सीमेंट और गिट्टी का उपयोग किया गया और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर रहकर निरीक्षण किया। यही कारण है कि सड़क इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गई।

### बोले जिम्मेदार...

गुणवत्ता विहीन कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, कार्य घटिया किया गया तो बार बार कार्य करवाया जाएगा, मौके पर मौजूद नहीं रहने पर इंजीनियर पर कार्यवाही की जाएगी।

**ज्योति सुनेरे**, सीएमओ सारंगपुर

### ग्रामीण व नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य व राजस्व सुविधाओं का मिलेगा लाभ

# विधायक ने किया 22 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर/ तलेन

नगर कुरावर एवं आसपास के ग्रामीण अंचल के लिए रविवार का दिन विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने कुरावर में कुल 7 करोड़ 97 एवं तलेन में 14 करोड़ 44 लाख 26 हजार रूपये की लागत से निर्मित व प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगरवासियों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मिली, वहीं किसानों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए नवीन व सुव्यवस्थित तहसील टप्पा कार्यालय की सुविधा प्राप्त हुई।

विधायक मोहन शर्मा ने नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नत कर बनाए गए 30 बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर 5 करोड़ 73 लाख 81 हजार रुपये की लागत आई है। उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि अब नगर कुरावर सहित राजगढ़, सीहोर एवं शाजापुर जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर, सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इसी क्रम में विधायक मोहन शर्मा ने नगर में श्रीकृष्ण गौशाला के सामने नवनिर्मित उप तहसील (तहसील टप्पा) कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। इस भवन का निर्माण 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया। कुल 7 करोड़ 97 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी।

### सामुदायिक अस्पताल का विधायक ने किया भूमि पूजन

नगर तलेन मे आज 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोकि 14 करोड़ 44 लाख 26 हजार रूपये की लागत से बनकर तैयार होगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कई वर्षो से लटका हुआ था, आखिर कार आज इस बहुप्रतिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलेन का भूमि पूजन पचोर रोड़ पर मंडी प्रांगण के पास क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा दादा के कर कमलो द्वारा किया गया,, क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा दादा द्वारा तलेन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भूमिपूजन के अतिरिक्त तलेन मंडल के बारवा खुर्रम पंचायत सामुदायिक भवन और पुलिया, चोमा पंचायत मे सामुद्दायिक भवन, अमलार पंचायत मे सामुदायिक भवन, बेजड़ मे सामुद्दायिक भवन, बुचा खेड़ी मे सिसी रोड़, जंगीबढ़ मे सीसी रोड़ और सामुदायिक भवन का भी भूमिपुजन किया गया, बताते चले की तलेन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भूमिपुजन के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के साथ, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर कैलाश वैष्णव और नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव,भाजपा के पदाधिकारीगण,मौजूद रहे.इस कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री अजबसिंह वंशकार ने किया और आभार महामंत्री राधेश्याम पाटीदार ने व्यक्त किया।

# घर की छत के समान होते हैं बुजुर्गजन : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से मूल्यों में लगातार गिरावट आ रही है। लेकिन, हमें पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहते हुए बुजुर्गों की तरफ ध्यान देना होगा क्योंकि वे ही हमारे घर की छत के समान होते हैं। उक्त बात गौरवपूर्ण वृद्धावस्था के संबंध में प्रजापिता ब्रहाकुरीज संस्था द्वारा स्थानीय पारायण चैक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने कही। डिप्टी कलेक्टर ज्योति बागबेया ने कार्यक्रम की थीम स्पष्ट करते हुए बताया कि यह संगम आयोजन वरिष्ठजनों द्वारा समाज को दिए अपने अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान है। इसके माध्यम से युवाओं एवं बुजुर्गों के प्रति समन्वय बिठाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुमित्रा दीदी ने अपने उद्बोधन में बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि आप वृद्ध नहीं लेकिन उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त करने वाले अनुभवों की खान है। आपका आशीष और छत्रछाया परिवार और समाज को सदैव मार्गदर्शित करती रहेंगी।

### बुजुर्गजनों के सम्मान की दिलवाई शपथ

अंत में जिपं के एसीईओ अर्पित गुप्ता ने बुजुर्गों का सम्मान और सदैव देखभाल करने की शपथ उपस्थितजनों को दिलवाई। इसके साथ ही उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का लिक, पुष्प, डुपट्टा, ताज व ईश्वरीय उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही प्रेरणादाई लघु नाटिका की प्रस्तुति एवं एक नृत्य की प्रस्तुति भी कार्यक्रम के दौरान हुई। इस अवसर पर संस्था की जिला प्रभारी बीके मधु दीदी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रोग्रेसिव पेंशन संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश नागर, समाजसेवी राजेंद्र जोशी काका सहित अन्य उपस्थित थे।

# अभिभाषक संघ का गरिमामयी शपथ विधि समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

कोर्ट परिसर में शनिवार शाम आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को न्यायाधीशों की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, गौरव अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, स्वाति गोयल, अदिति मंडलोई, मीनू पचैरी एवं एसडीएम सुशील कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिला जज द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में न्यायालय की गरिमा बनाए रखने, निष्पक्षता एवं समाज को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अभिभाषक संघ द्वारा सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल, माला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इसमें नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा वरिष्ठ अभिभाषकों का सम्मान किया। पुष्पवर्षा से अभिनंदन भी किया गया।

### सवर्ण समाज ने निकाली जन-रैली, आधे दिन बाजार बंद रखकर किया समर्थन

# यूजीसी की नई गाइड लाइनों के विरोध में रहा ब्यावरा बंद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई नई गाइड लाइनों के खिलाफ सवर्ण समाज का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सवर्ण समाज के आह्वान पर ब्यावरा नगर में विरोध स्वरूप बाजार बंद रखा गया।

इस दौरान सवर्ण समाज के लोगों ने शहर में रैली निकालकर सरकार और यूजीसी के निर्णय के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। सुबह सवर्ण समाज के लोग बड़ी संख्या में वैष्णो देवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यहां से यूजीसी की नई गाइड लाइनों को छात्र, शिक्षक और शिक्षा विरोधी बताते हुए हाथों में तख्तियां लेकर रैली की शुरुआत की गई। रैली वैष्णो देवी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई पीपल चैराहा, मुख्य बाजार, जगात चैक, अहिंसा द्वार, इंदौर नाका सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी और पुनः पीपल चैराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि केंद्र सरकार और यूजीसी द्वारा शिक्षा व्यवस्था में ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जो समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं और विशेष रूप से सवर्ण वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि यह नियम अकादमिक स्वतंत्रता को समाप्त करने और विश्वविद्यालयों में भय का वातावरण बनाने का प्रयास है।

### आधे दिन तक बंद रहा बाजार

सवर्ण समाज द्वारा एक फरवरी को सुबह से दोपहर ,1 बजे तक बाजार बंद रखने का आह्वान किया गया था, जिसका शहर के व्यापारियों ने व्यापक समर्थन किया। सुबह से ही मुख्य बाजार, सर्राफा बाजार, सब्जी मंडी सहित अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद नजर आए। कुछ स्थानों पर जो दुकानें खुली हुई थीं, उन्हें समाज के लोगों ने समझाइश देकर बंद कराया।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

रैली के समापन पर पीपल चैराहे पर सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक संयुक्त ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में यूजीसी द्वारा जारी की गई नई गाइड लाइनों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने एवं उन्हें वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि नई गाइड लाइनों के कारण देशभर के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों के बीच गहरी असुरक्षा, भय और असंतोष का वातावरण बन गया है। यह विषय केवल एक प्रशासनिक निर्णय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संविधान प्रदत्त अधिकारों, प्राकृतिक न्याय, अकादमिक स्वतंत्रता और राष्ट्र के बौद्धिक भविष्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

### यह रखी गई प्रमुख मांगें

ज्ञापन के माध्यम से रखे रही कि यूजीसी की नई गाइड लाइनों पर तत्काल रोक लगाकर उन्हें पूरी तरह वापस लिया जाए। इन गाइड लाइनों को स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति एवं संसदीय समिति के समक्ष पुनरीक्षण हेतु भेजा जाए। शिकायत निवारण प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाया जाए। झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर सख्त दंडात्मक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। देश के विश्वविद्यालयों की अकादमिक स्वतंत्रता, गरिमा एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाए। सवर्ण समाज ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

